# ओमशान्ति मीडिया

मूल्यनिष्ठ समाज की रचना के लिए समर्पित

वर्ष -23 अंक - 16 नवम्बर -II-2021 (पाक्षिक) माउण्ट आबू Rs. 8.50


साइकिल रैली के स्वागत एवं अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा...

## सद्भाव, समरसता के संस्कार का सिंचन कर श्रेष्ठ संसार का निर्माण कर रही ब्रह्माकुमारीज़



सम्बोधित करते हुए त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लव कुमार देब। मंचासीन अजय शर्मा, अभिषेक सुराणा, ब्र.कु. मृत्युंजय, श्रीमति देब तथा ब्र.कु. संतोष दीदी।

**शांतिवन।** देश की आज़ादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में लेह(लद्दाख) से गुजरात के केवडिया में स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक जाने वाली आई.टी.बी.पी. के जवानों की साइकिल रैली के ब्रह्माकुमारी संस्थान,आबू रोड पहुँचने पर त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लव कुमार देब ने स्वागत किया एवं राष्ट्रीय ध्वज लहराकर रवाना किया। शांतिवन के कॉन्फ्रेन्स हॉल में आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री देब जी ने कहा कि हमारे देश के जवान देश की रक्षा के लिए सीमाओं पर डटे रहते हैं। हिमालय जैसे दुर्गम स्थानों पर सरहद की रक्षा करते हैं। इस तरह की रैली से देश भक्ति और देश निर्माण को मज़बूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान की बहनें देश और दुनिया भर में श्रेष्ठ रीति-नीति, सद्भाव, संस्कार का विकास कर रही हैं। निश्चित ही इससे समाज में एक सकारात्मक बदलाव आयेगा। यहाँ का मंत्र है अच्छा सोचो श्रेष्ठ सोचो। सचमुच हम जैसा सोचते हैं वैसा ही हमारे सामने आता है। इसलिए हमें हमेशा सकारात्मक ही सोचना चाहिए। उन्होंने कोरोना जैसी विषम परिस्थितियों से उबरने में माननीय प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व की सराहना की।



मुख्यमंत्री व उनकी धर्मपत्नी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए ब्र.कु. मृत्युंजय व ब्र.कु. संतोष दीदी।

साइकिल रैली के कोऑर्डिनेटर तथा आईटीबीपी के डिप्टी कमांडेंट अजय शर्मा ने कहा कि हम सबका यही प्रयास है कि स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों, जवानों तथा देश के प्रति श्रेष्ठ भावना पैदा हो। लोग देश के लिए अच्छा सोचें। यह रैली ज़रूर इस क्षेत्र में मददगार सिद्ध होगी। आबू रोड रेवदर विधायक जगसीराम कोली ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान समाज में बदलाव का अच्छा कार्य कर रहा है। यहाँ से पूरे विश्व में हमारे प्रदेश और देश का नाम हो रहा है। मौके पर संस्थान की संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. संतोष दीदी, संस्थान के कार्यकारी सचिव ब्र.कु. मृत्युंजय, माउण्ट आबू उपखण्ड अधिकारी अभिषेक सुराणा, महिला प्रभाग की मुख्यालय संयोजिका डॉ. ब्र.कु. सविता बहन समेत कई लोगों ने सम्बोधित किया।

## राजयोगी ब्र.कु. गंगाधर मानद डॉक्टरेट डिग्री से सम्मानित



### कॉमनवेल्थ वोकेशनल युनिवर्सिटी ने उपाधि से नवाज़ा

### गुरूग्राम के रेडिसन होटल में आयोजित कार्यक्रम में मालदीव के केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. अब्दुल्ला रशीद ने ब्र.कु. गंगाधर को प्रदान की डिग्री



ब्र.कु. गंगाधर को डॉक्टरेट की डिग्री प्रदान करते हुए सी.बी. शर्मा,चेयरमैन,एनआईओएस, राज्यमंत्री डॉ. अब्दुल्ला व मेजर हर्ष कुमार।

**गुरूग्राम।** कॉमनवेल्थ वोकेशनल युनिवर्सिटी,टोंगा ने राजयोगी ब्र.कु. गंगाधर को डॉक्टरेट की उपाधि ने नवाज़ा जिसे गुरूग्राम के रेडिसन होटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सी.बी. शर्मा,चेयरमैन,एन.आई.ओ.एस.,गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एवं मालदीव के केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. अब्दुल्ला रशीद द्वारा प्रदान किया गया। माउंट आबू से पिछले 23 वर्षों से विज्ञापन रहित पत्रिका 'ओम शान्ति मीडिया' प्रकाशित की जा रही है। ये सम्पूर्ण रूप से आध्यात्मिक, सामाजिक एवं मूल्याधारित समाज के लिए समर्पित है। इस क्षेत्र में अमूल्य योगदान के लिए ओम शान्ति मीडिया के संपादक ब्र.कु. गंगाधर को मानद डॉक्टरेट की डिग्री से नवाज़ा गया जिसका श्रेय उन्होंने ब्रह्माकुमारीज़ के द्वारा दी जा रही अमूल्य शिक्षाओं को दिया। उन्होंने कहा कि शांति, प्रेम, समरसता, सद्भावना एवं वसुधैव कुटुम्बकम की परिकल्पना को साकार करने में यह ईश्वरीय विश्व विद्यालय निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने समाज के हर वर्ग को इन शिक्षाओं का लाभ लेकर अपने जीवन को दिव्य बनाने का आह्वान किया।

मालदीव के केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल क्रान्ति से हम सब एक-दूसरे के विचार साझा करने में सहजता महसूस करते हैं। चेयरमैन सी.बी. शर्मा ने विश्व के आज के परिदृश्य में डिजिटल एजुकेशन पर ज़ोर देते हुए कहा कि ये समय की मांग है। विपरीत परिस्थितियों में भी हम डिजिटल एजुकेशन के ज़रिये जुड़े रहे। लेकिन इसका यह कतई मतलब नहीं कि हम स्कूल में जाना ही छोड़ दें। इस मौके पर मेजर हर्ष कुमार,सेक्रेट्री,एन.सी.ई.आर.टी. सहित विभिन्न युनिवर्सिटीज़ के प्रोफेसर्स, लेक्चरार व चयनित विद्यार्थीगण तथा शिक्षा जगत से जुड़ी कई माननीय हस्तियां भी उपस्थित रहीं।

## अद्भुत है चैतन्य देवियों की सजी झाँकी – डॉ. वर्मा,कुलपति

### शक्तियाँ धारण करने की प्रेरणा देगी चैतन्य देवियों की झाँकी

**रायपुर-छ.ग.।** पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. के कुलपति डॉ. केसरीलाल वर्मा ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विधानसभा मार्ग पर स्थित शान्ति सरोवर में सजाई गई चैतन्य देवियों की झाँकी बहुत ही अद्भुत एवं दर्शनीय है। यहाँ पर माँ दुर्गा के नौ रूपों को अत्यंत आकर्षक एवं जीवंत स्वरूप में प्रस्तुत किया गया है। डॉ. वर्मा ने चैतन्य देवियों की झाँकी का अवलोकन करने के बाद अपने विचार व्यक्त किये। इससे पूर्व झाँकी का शुभारंभ डॉ. केसरीलाल वर्मा, क्षेत्रीय निदेशिका ब्र.कु. कमला दीदी तथा वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्र.कु. सविता बहन ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। डॉ. वर्मा ने आगे कहा कि



बुराई से दूर रहकर सात्विक मन से सर्व जनहिताय के कार्य करने की प्रेरणा नवरात्रि में जागृत होती है। अपने सम्पूर्ण जीवनकाल में ऐसी सुंदर और जीवंत झाँकी मैंने पहली बार देखी है। यह नगरवासियों के लिए गौरव की बात है कि इतना सुंदर आयोजन राजधानी में किया गया है। यहाँ आने के बाद व्यक्ति स्वयं को तनावमुक्त महसूस करने लगता है। आदि शक्ति के नौ रूपों की जीवन्त प्रस्तुति अत्यन्त सराहनीय है। उन्होंने सामाजिक जागृति के कार्यों के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशिका ब्र.कु. कमला दीदी ने सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह चैतन्य झाँकी निश्चित रूप से सभी को आकर्षित करने के साथ ही स्वयं में शक्तियां धारण करने के लिए प्रेरित करेगी।